# पाठ १६ जन्मदिवस पर पेड़ लगाओ

## कविता का सारांश

इस कविता में कवि कहता है कि हमें अपने जन्मदिन पर पेड़ लगाना चाहिए। इससे हमारा संसार हरा-भरा हो जाएगा और हम खुशहाली पाएँगे। हरियाली हमें खुशी देती है और हमारे मन को हरा भरा बनाती है। पेड़ों का और प्रकृति का बड़ा गहरा संबंध होता है, जैसे कि बच्चों का माता के साथ संबंध होता है। हम पेड़ों से फूल और फल प्राप्त कर सकते हैं, इसलिए हमें अपने जन्मदिन पर पेड़ लगाना चाहिए।

**संदेश:-** इस कविता में पेड़ों के महत्व पर प्रकाश डाला गया है। पेड़ हमारे जीवन के लिए बहुत जरूरी हैं। वे हमें ऑक्सीजन प्रदान करते हैं। पेड़ लगाने से हम अपने पर्यावरण की रक्षा कर सकते हैं और एक बेहतर भविष्य का निर्माण कर सकते हैं।

**शब्दार्थ:**

- जन्मदिवस – वर्षगाँठ, जन्म का दिन
- हरा-भरा – हरियाली
- हरियाली – हरा-भरा पेड़-पौधों से भरा हुआ
- सुंदरता – खूबसूरती, सौंदर्य
- मन हरने वाली – मोहक, लुभावना
- नाता – संबंध, बंधन
- फूल – पुष्प, सुमन
- संसार – जगत, विश्व
- प्रकृति – कुदरत

egyanarchive

# प्रश्न-अभ्यास

## बातचीत के लिए

**1. आप अपना जन्मदिन कब मनाते हैं?**

**उत्तर:-** मेरा जन्मदिन 22 जनवरी को आता है।

**2. आप अपने जन्मदिन पर क्या-क्या करते हैं?**

**उत्तर:-** मैं अपने जन्मदिन पर अपने परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर एक पार्टी मनाता हूं। हम खाना खाते हैं, खेलते हैं, और एक-दूसरे को उपहार देते हैं।

**3. कविता में जन्मदिन पर क्या करने के लिए कहा गया है?**

**उत्तर:-** कविता में कहा गया है कि हमें अपने जन्मदिन पर पेड़ लगाना चाहिए। इससे हमारा संसार हरा-भरा हो जाएगा और हम खुशहाली पाएंगे।

**4. क्या होता अगर –**

**(i) सभी अपने जन्मदिवस पर पेड़ लगाते?**

**उत्तर:-** अगर सभी अपने जन्मदिन पर पेड़ लगाते, तो हमारा संसार बहुत हरा-भरा हो जाता। वायु प्रदूषण कम होता, और जलवायु परिवर्तन से बचाव होता।

**(ii) सभी जन्मदिवस पर स्वच्छता के कार्य करते?**

**उत्तर:-** अगर सभी जन्मदिवस पर स्वच्छता के कार्य करते, तो हमारा देश बहुत साफ-सुथरा हो जाता। हमारे आसपास का वातावरण स्वच्छ होता, और हम सभी स्वस्थ रहते।

## खोजें-जानें

**पता कीजिए और लिखिए कि इनका जन्मदिन कब आता है –**

**1. दादा –** मेरे दादा का जन्मदिन 28 अगस्त को आता है।

**2. दादी –** मेरी दादी का जन्मदिन 20 अप्रैल को आता है।

**3. नाना –** मेरे नाना का जन्मदिन 16 जनवरी को आता है।

**4. नानी –** मेरी नानी का जन्मदिन 03 फरवरी को आता है।

**5. आपके दोस्त –** मेरे दोस्त का जन्मदिन 10 मार्च को आता है।

## शब्दों का खेल

**1. समान लय वाले शब्द खोजकर लिखिए –**

**(i) फल** – जल

**(ii) माता** – नाता

**(iii) फूल** – पुल

**(iv) हरियाली** – खुशहाली

egyanarchive

**2. सही शब्द से वाक्य पूरे कीजिए –**

**(i) माली ने धरती में** बीज **बोया। (बीज / चीज़)**

**(ii) बड़े प्यार से उसमें** जल **डाला। (जल / फल)**

**(iii) छोटा-सा, नन्हा-सा** पौधा **उग आया। (पौधा / सौदा)**

**3. पेड़ों के नाम खोजकर लिखिए –**




**उत्तर:-** नीम, पीपल, अशोक, बेर, इमली, आम।

**4. अपने घर के आस-पास के चार पेड़ों के नाम लिखिए –**

**उत्तर:-** नीम, पीपल, गुलमोहर, बबूल।

## चित्रकारी

**अपनी पसंद के किसी फूल का चित्र बनाकर रंग भरिए –**

**उत्तर**:- स्वयं कीजिए।

egyanarchive